# *City International School, Mumbai*

**SECOND PRELIMINARY EXAMINATION 2018 – 2019**

**Date : 05/01/2019** | **Marks : 80**

**Std : X** | **Subject : Hindi** | **Time : 3 hrs**

This paper comprises of two Section; Section A and Section B.
Attempt all questions from Section A.
Attempt any four questions form Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.
The intended marks for questions or parts of questions are given in Brackets ( )

## SECTION A [40 MARKS]

**Attempt all questions**

**Question 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:** **(15)**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-

i. आज पर्यावरण-शुद्धि या पर्यावरण का सुधार नामक विषय पर प्रत्येक देश में चर्चा हो रही है। इस दृष्टि से भारत में पर्यावरण संरक्षण के विषय में क्या किया जा सकता है? इस संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

ii. "हर व्यक्ति विजेता बनना चाहता है मगर विजेता बनने के लिए तैयारी की इच्छा बहुत कम व्यक्तियों में होती है" - इस कथन का आशय स्पष्ट करते हुए "परिश्रम का महत्त्व" पर अपने विचारों को प्रस्ताव रुप में लिखिए।

iii. देश के भावी - नागरिकों के चरित्र - निर्माण के लिए विद्यालयों में नियमित रुप से नैतिक शिक्षा का दिया जान अति अनिवार्य है। - इसके पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए।

iv. अपने जीवन में घटित किसी घटना का वर्णन कीजिए जिसने आपकी विचारधारा एवं जीवन को नया मोड़ दिया। इससे आप भविष्य में भी प्रेरणा लेते रहेंगे।

v. एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो — "सठ सुधरहिं सत्संगति पाई।"

BOOK DEPOT

**Question 2**

**Write a letter in Hindi approximately 120 words on any one of the topics given below:** **(7)**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए।

i. "आरक्षण के कारण आज सामान्य वर्ग के अनेक प्रतिभाशाली छात्र महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में असफल रह जाते है।" इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए देश के प्रधानमंत्री को एक आवेदन पत्र लिखिए जिसमें अपेक्षित सुधार लाने की प्रार्थना कीजिए।

ii. अपने बड़े भाई को एक पत्र लिखिए जिसमें उनके द्वारा दी गई सीख का आचरण करने का आश्वासन दिया गया हो।

Scanned by CamScanner

## Question 3

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow using your own words as for as possible:-**

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए:

महान् रसायनशास्त्री आचार्य नागार्जुन को अपनी प्रयोगशाला के लिए दो सहायकों की आवश्यकता थी। अनेक युवक उनके पास आये और निवेदन किया कि वे उन्हें अपने सहायक के रुप में नियुक्त कर लें, लेकिन परीक्षा लेने पर सभी प्रत्याशी अयोग्य ही घोषित हुए। अन्त में आचार्य निराश हो गये। उनकी निराशा का कारण था कि युवक रसायनशास्त्र के ज्ञात तो थे और अपने विषय से परिचित भी थे, लेकिन एक रसायनशास्त्री के लिए जो पवित्र ध्येय होता है, उसका सभी में अभाव था। प्रत्याशियों में से किसी को अपने वेतन की चिन्ता थी, किसी को अपने परिवार की चिन्ता थी, तो किसी को अपना भविष्य उज्ज्वल बनाना था। पर आचार्य नागार्जुन को ऐसे सहायकों की आवश्यकता नहीं थी। उनके मन और विचार में कुछ और ही था। निराश होकर उन्होंने सहायक की आपश्यकता होते हुए भी स्वयं ही सारा कार्य करने का निश्चय कर लिया।

कुछ दिन बाद ही दो युवक आचार्य के पास आये। उन्होंने उनसे निवेदन किया कि वे उन्हें अपना सहायक नियुक्त कर लें। आचार्य ने पहले तो उन्हें लौटा देना चाहा लेकिन युवकों के अधिक आग्रह पर उन्होंने उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया। आचार्य ने दोनों युवकों को एक पदार्थ देकर दो दिन के भीतर ही उसका रसायन तैयार कर लाने को कहा। दोनों युवक पदार्थ लेकर अपने - अपने घर लौट गये।

दो दिन बाद एक युवक रसायन तैयार करके सुबह - सुबह ही उनके पास पहुँचा और रसायन का पात्र उन्हें देते हुए कहा, "लीजिए आचार्य जी, रसायन तैयार है।" रसायन के पात्र की ओर देखे बिना ही आचार्य ने प्रश्न किया "तो रसायन तैयार कर लिया तुमने?"

रसायन का पात्र एक ओर रखते हुए युवक ने कहा, "जी हाँ।" आचार्य ने दूसरा प्रश्न किया, "रसायन तैयार करने में किसी प्रकार की कोई बाधा तो उपस्थित नहीं हुई?"

युवक ने सकुचाते हुए उत्तर दिया, "बाधाएँ तो बहुत आईं थीं आचार्य जी, लेकिन मैंने किसी भी बाधा की चिन्ता किए बिना अपना कार्य चालू ही रखा तथा रसायन तैयार कर ही लिया। यदि मैं बाधाओं में उलझ गया होता तो रसायन तैयार हो नहीं सकता था। एक ओर पिता के पेट में भयंकर शूल था और दूसरी ओर मेरी माता ज्वर से पीड़ित थीं। ऊपर से मेरा छोटा भाई अपनी टाँग तुड़वाकर पीड़ा से कराह रहा था। परन्तु ये बातें मुझे रसायन बनाने से विचलित नहीं कर सकीं।"

तभी दूसरा युवक वहाँ खाली हाथ आकर खड़ा हो गया। आचार्य जी ने उससे पूछा, "रसायन कहाँ है?" युवक ने झिझकते हुए उत्तर दिया, "आचार्य जी, मैं क्षमा चाहता हूँ। रसायन तैयार नहीं हो सका। कारण कि जाते समय मार्ग में एक वृद्ध व्यक्ति मिल गया। वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। मेरा सारा समय उसकी सेवा में ही व्यतीत हो गया।"

आचार्य ने पहले युवक से कहा "तुम जा सकते हो, मुझे तुम्हारी आवश्यकता नहीं। रसायनशास्त्री यदि पीड़ा से कराहते व्यक्ति की उपेक्षा करे तो वह अपने शास्त्र में अपूर्ण है।" दूसरे युवक को उन्होंने अपना सहायक नियुक्त कर लिया। भविष्य में वही युवक उनका दायाँ हाथ बना और उन्हें अति प्रिय लगने लगा।

i. आचार्य को कितने सहायकों की आवश्यकता थी और क्यों? **(2)**

ii. आचार्य की निराशा का क्या कारण था। **(2)**

iii. आचार्य ने दोनों युवकों की परीक्षा लेने का क्या उपाय सोचा? दूसरा युवक रसायन तैयार क्यों नहीं कर सका? **(2)**

iv. इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है? **(2)**

AM... DEPOT
Shop No. 1, ... Utsav,
Thakur ... li (E),
Mum... 101.

Scanned by CamScanner

## Question 4

**Answer the following according to the instructions given:-**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विलोम लिखिए :- **(1)**

a. निर्जीव  b. परमार्थ  c. नश्वर  d. क्षमा
e. शोक  f. सत्कार

ii. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- **(1)**

a. संसार  b. विश्वास  c. मछली  d. दिन
e. रचना  f. दैत्य

… DEPOT
Shop No. 1, …
Thakur … (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821283350,

iii. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विशेषण बनाइए :- **(1)**

a. पूजा  b. पिता  c. खेल  d. बुद्धि
e. शिक्षा  f. प्रातःकाल

iv. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के शुद्ध रुप लिखिए :- **(1)**

a. स्वास्थय  b. उपरोक्त  c. पूज्यनीय  d. सार्मथ्य
e. पड़ाई  f. प्रधानचार्य

v. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए :- **(1)**

a. अधिक  b. हरा  c. कठिन  d. प्रतिनिधि
e. पंडित  f. चुनना

vi. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो की सहायता से वाक्य बनाइए :- **(2)**

a. हवाई किले बनाना  b. मिट्टी का माधो
c. दूर से ढोल सुहावने  d. रंग में भंग पड़ना
e. विष उगला  f. तारे गिनना

vii. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं तीन के वाक्य में परिवर्तन कीजिए :- **(3)**

a. यह <u>बुरी घटना</u> बहुत <u>दुख देने वाली</u> है।
रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखिए।)

b. गाँधी जी देश की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी थे। (नकारात्मक वाक्य बनाइए पर अर्थ न बदले।)

c. कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें। (वाक्य शुद्ध कीजिए।)

d. मूर्ख पुत्र ने पिता का सारा मान नष्ट कर दिया। ("मूर्खता" शब्द का प्रयोग कीजिए।)

e. संध्या समय विप्रजी के बालक ने बड़ा हठ किया। (संभाव्य भविष्यत् काल में बदलिए।)

Scanned by CamScanner

## SECTION B [40 MARKS]

**Attempt four questions from this section. You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions:**

### साहित्य सागर

**Read the exracts given below and answer in Hindi the questions that follow:-**
निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

### Question 5

बस जरा - सी उम्र में उसकी मौत से पहचान हो गई।

i. किसकी मौत से पहचान हो गई और कैसे? उसने अपने परिवार के विषय में क्या बताया? **(3)**

ii. बालक को किसने और क्यों नौकरीपर रखने से इनकार कर दिया? इसे उनके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है? **(2)**

iii. "आदमियों की दुनिया ने बस यही उपहार उसके लिए छोड़ा था" - प्रस्तुत कथन में लेखक ने क्या व्यंग्य किया है? दुनिया की बेहयाई को ढँकने के लिए प्रकृति ने क्या किया? **(3)**

iv. प्रस्तुत कहानी के शीर्षक के औचित्य पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। **(2)**

### Question 6

"अच्छा मँगा दूँगा," कहकर वे उदास भाव से कहीं और चले गए।

i. वे कौन हैं? वे उदास क्यो रहते थे? **(2)**

ii. बालक किस वस्तु के लिए उत्कंठित था और क्यों? **(2)**

iii. अपनी उत्कंठा को पूरी करने के लिए उसने कौन - कौन से कदम उठाए? उस प्रक्रिया में उसके सहायक की भूमिका निभानेवाले का भी परिचय दीजिए। **(3)**

iv. प्रस्तुत कहानी में एक अबोध बालक की मातृ - वियोग की पीड़ा व्यक्त की गई हैं - स्पष्ट कीजिए। **(3)**

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. ... Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050

### Question 7

तुम्हारा अपमान होता है। सबके सामने मुझे यह बात न कहनी चाहिए। यह मेरा अपराध है।

i. प्रस्तुत कथन के वक्ता और श्रोता का परिचय दीजिए। **(2)**

ii. वक्त ने प्रस्तुत कथन कब और क्यों कहा? **(2)**

iii. श्रोता को "दुर्वह संदेह भार से पीड़ित स्त्री" क्यों कहा गया है? स्पष्ट कीजिए। **(3)**

iv. पाठ के आधार पर रात्रि के समय घाट की सुन्दरता का वर्णन कीजिए। कहानी में किन – किन घाटों का उल्लेख किया गया है? **(3)**

Scanned by CamScanner

**Read the extracts given below and answer in Hindi the questions that follow:-**
निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

**Question 8**

"अरे तुम यहाँ खड़ी हो? जाकर तैयारी करो स्वागत की जरा यह भी देख लें कि नाकवाले अपनी बेटी का स्वागत कैसे करते है।"

i. उक्त कथन का प्रसंग स्पष्ट कीजिए। (2)

ii. वहाँ कौन और किस उद्देश्य से आया था? उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह क्या - क्या करता है? (3)

iii. "नाकवाले" से क्या तात्पर्य है? उपर्युक्त वाक्य को सुनकर श्रोता की क्या प्रतिक्रिया होती है? (2)

iv. "दहेज नामक कुप्रथा हमारे समाज के लिए कलंक है" कथन समझाते हुए इस कलंक को मिटाने हेतु समाज और सरकार का योगदान स्पष्ट कीजिए। (3)

**Question 9**

क्या हम लोग अपनी मातृभूमि का अपमान होने देंगे? यह हमारे वंश का मान मंदिर है, क्या इसे मिट्टी में मिलने देंगे।

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Ra...li, Vacant Utsav,
Thakur Villag.., Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

i. उपर्युक्त कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए। (3)

ii. वक्ता के अनुसार नकली दुर्ग होने पर भी वह प्राणों से अधिक प्रिय क्यों है? (2)

iii. वक्ता ने अपने साथियों से क्या प्रतिज्ञा करने को कहा? (2)

iv. "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसि" - माँ और मातृभूमि स्वर्ग से भी महान है - एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (3)

**Question 10**

तुम सदैव मेरा कहना मानते रहे हो। बस यही बात मैं कहना चाहता हूँ।

i. यहाँ वक्ता कौन है? वह अपने कुटुंब की तुलना किससे करता है और क्यों? (2)

ii. वक्ता घर से नाता तोड़ने की धमकी देते हुए क्या कहता है? स्पष्ट कीजिए। (2)

iii. छोटी बहू परिवारवालों के साथ सामंजस्य क्यों नहीं बिठा सकी? वह उनके स्नेह का पात्र क्यों नहीं बन पा रही थी? (3)

iv. प्रस्तुत एकांकी का शीर्षक सार्थक और उपयुक्त है। स्पष्ट कीजिए। (3)

*******

Scanned by CamScanner